पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में आतंकवाद विरोधी शपथ दिलायी गयी

राज्यपाल श्री राम नाईक का संदेश पढ़ा गया

लखनऊः 21 मई, 2016

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस पर मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव कायम करने तथा मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुँचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों का विरोध करने की शपथ दिलाई गयी। आतंकवाद विरोधी शपथ से पूर्व, प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल, सुश्री जूथिका पाटणकर द्वारा राज्यपाल का संदेश पढ़ा गया। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री राम नाईक अवकाश पर प्रदेश से बाहर हैं।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि आतंकवाद हमारे देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के समक्ष एक बड़ी समस्या है। आतंकवाद किसी धर्म, व्यक्ति, समाज अथवा राष्ट्र विशेष के लिए ही नहीं अपितु पूरी मानव सभ्यता के लिए कलंक है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के चलते पूरे विश्व में कई हजार परिवार प्रतिवर्ष प्रभावित होते हैं।

श्री नाईक ने अपने संदेश में कहा है कि हमें यह संकल्प भी लेना चाहिए कि आतंकवाद को हम किसी भी रूप में पनपने नहीं देंगे तथा एक ऐसे भयमुक्त, शांत एवं सौहाद्रपूर्ण समाज का निर्माण करेंगे जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को एक सुनहरा भविष्य मिल सके। उन्होंने कहा कि हम सब को मिलकर किसी भी रूप में हिंसा का समर्थन नहीं करना है।

अंजुम/ललित/राजभवन (184/19)